# यूपी-जापान मीट शुरू, निवेश पर फोकस

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** प्रदेश में निवेश की संभावनाएं बढ़ाने के लिए यूपी-जापान इंवेस्टमेंट मीट की शुरुआत मंगलवार को हुई। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली पहुंचे जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर के गवर्नर कोटारो नागासाकी का स्वागत किया। इंवेस्टमेंट मीट में 200 से अधिक जापानी सीईओ, कारोबारी और नीति-निर्माताओं के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेगा।

दिल्ली में जापानी प्रतिनिधिमंडल के सम्मान में आयोजित स्वागत रात्रिभोज संग पांच दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि यूपी जापानी निवेशकों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध है। यह साझेदारी यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के उनके विजन के अनुरूप है।



दिल्ली में यामानाशी प्रीफेक्चर के गवर्नर कोटारो नागासाकी के नेतृत्व में जापानी प्रतिनिधिमंडल ने सीएम योगी से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, जितिन प्रसाद, मंत्री सुरेश खन्ना, नंद गोपाल नंदी, एके शर्मा व जयवीर सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम नई दिल्ली, लखनऊ, आगरा, ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में होंगे। लखनऊ में 21 अगस्त को मीट होगी।